# खेल आयोजन से निखरती है बाल प्रतिभाएं



**मण्डला, देशबन्धु।** ब्रेन चाइल्ड एकेडमी विद्यालय में वार्षिक खेल दिवस हुआ आयोजित,शामिल हुए 148 वी बटालियन सीआरपीएफ के कमांडेंट ऑफिसर हेल्दी-बॉडी हेल्दी-माइंड की तर्ज पर ब्रेन चाइल्ड एकेडमी स्कूल में विस्तृत रूप से खेल दिवस आयोजित हुआ, जिसमें विक्रांत सारंगपाणी, 148 वी बटालियन सीआरपीएफ मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए, खेल कार्यक्रम की शुरूआत ध्वजारोहण से की गई जिसके पश्चात बच्चों का जीवन ज्ञान की रोशनी से सुसज्जित होने के प्रतीक स्वरूप टार्च लाईटिंग कराई गई।

स्कूल के सभी बच्चों ने शानदार बॉडी वेलनस दिखाते हुए अपनी दक्षता के अनुसार समकालीन तरीके से क्रमबद्ध मार्चपास्ट एवं पी टी प्रदर्शन किया, स्कूल के बच्चों ने कलात्मक, जिमनास्टिक, स्पोर्ट्स कार्निवल,टीम इंडिया डांस, आदिनाथ योग एक्ट एवं लेजियम, बेम्बू, साड़ी ड्रिल्स प्रस्तुत किया जिसे मुख्य अतिथि एवं अभिभावकों ने बहुत सराहा, स्कूल के वार्षिक खेल दिवस में विभिन्न प्रकार की रेस जैसे 100 मीटर, 200 मीटर, रिले रेस एवं थीम रेस आदि प्रतियोगिता में बच्चों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम में स्कूल के एनसीसी के छात्रों को कमांडेंट ऑफिसर ने। सर्टिफिकेट एवं राज्य व नेशनल स्तर के खिलाड़ियों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया एवं अपने सम्बोधन द्वारा बच्चों को प्रेरित किया, इस अवसर पर बड़ी संख्या में अभिभावक गणित मौजूद रहे, कार्यक्रम के अन्त में सभी विजेताओं को मेडल एवं प्रमाण पत्र देकर प्रोत्साहित किया गया। खेल दिवस में सीनियर चौम्पियनशिप प्रेक्षा सिंह राजपूत एवं जूनियर चौम्पियनशिप आरव जैन और आरव उइके के द्वारा जीती गई।

खेल दिवस की अध्यक्षता ब्रेन चाइल्ड एकेडमी स्कूल के डायरेक्टर निशांत शुक्ला, स्कूल प्राचार्या दिव्या शुक्ला एवं संचालन राजुल सिहांनी व सोनिया जैन के द्वारा किया गया जिसमें खेल शिक्षक अभिषेक यादव एवं रवि ठाकुर की विशेष भूमिका रही।

# कृषि उपज मंडी समिति बिछिया की कार्रवाई जारी, केले से भरा ट्रक रोककर बनाया प्रकरण

## अब तक की आठवीं बड़ी कार्रवाई

**भुआ बिछिया, देशबन्धु।** मंडला संभागीय संयुक्त संचालक जबलपुर एच आर लारिया द्वारा मंडी क्षेत्र में सघन निरीक्षण हेतु दिए गए निर्देश के परिपालन में कृषि उपज मंडी समिति बिछिया जिला मण्डला के कर्मचारियों द्वारा मंडी क्षेत्र से बिना मंडी शुल्क चुकाए परिवहन करने वाले वाहनों की जांच लगातार की जा रही है। इसी तारतम्य में प्राप्त जानकारी के अनुसार दिनांक 26/10/2024 को प्रभारी मंडी सचिव कन्हैया सिंह मरकाम के मार्गदर्शन में मंडी उ?न दस्ता दल बिछिया के कर्मचारी आकाश ठाकुर सहायक उप निरीक्षक , बृजकिशोर नामदेव सहायक उपनिरीक्षक एवं कन्हैया पटेल सहायक उप निरीक्षक के द्वारा वाहन क्रमांक एम.पी.12जेड ई 6129 में बिना अनुज्ञा पत्र के अवैध रूप से परिवहित कृषि उपज केला कुल 119.46क्विंटल का फर्म धीरज फरूट एजेंसी बुरहानपुर द्वारा डिंडोरी परिवहित किये जा रहे वाहन के द्वारा मंडी



अधिनियम 1972 की धारा 19(6) का उल्लंघन करते पाए जाने पर वाहन को जब्त कर उपमंडी कार्यालय अंजनिया में लाकर खड़ा किया गया। जिसमे व्यापारी प्रतिनिधि द्वारा अपनी गलती मानकर समझौता हेतु आवेदन प्रस्तुत करने पर मंडी अधिनियम की धारा 19(4) के तहत दाण्डिक मंडी शुल्क पांच गुना राशी रुपए 8762/-रुपये तथा समझौता शुल्क राशि रुपए 5000/- इस प्रकार कुल राशि रुपए 13762/- रुपये का जुर्माना वसूल कर प्रकरण को समाप्त किया गया।।। इस संबंध में बात करते हुए मंडी सचिव श्री मरकाम ने बताया कि विगत एक माह में कृषि उपज मंडी समिति बिछिया के उ?नदस्ता दल द्वारा की गई यह आठवी ब?ी कार्यवाही है जिसमे आज दिनांक तक शासन हित में 378874/ तीन लाख अट्ठहत्तर हजार आठ सौ चौहत्तर रुपये वसूल किये गए है। साथ ही बिना अनुज्ञा पत्र के अवैध रूप से कृषि उपज का परिवहन करने वाले व्यापारियो पर इस तरह की कार्यवाही जारी रखने की बात कही है।

## सार-समाचार

### ग्राम चिचौली के पास दो बाइकों की भिडंत में चार लोग घायल, एक को आई गंभीर चोट

**नैनपुर, देशबन्धु।** जनपद के अंतरगत ग्राम चिचौली के पास 2 बाइक की आज करीब 1 बजे आमने सामने टक्कर हो गई। दोनो बाइक में 4 लोग घायल हो गए। जिसमे से एक गद्दा बचने के लिए बाइक से जा रहा था। तभी मिचरी टोला से बाइक से 3 व्यक्ति आ रहे थे। दोनो बाइक आपस मे टकरा गयी। स्थानीय लोगो द्वारा घायलों को नैनपुर सिविल अस्पताल लाया जा रहा है। जिसमे से एक व्यक्ति को ज्यादा चोट आई है वही नैनपुर पुलिस घटना की जांच कर रही है

### दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री पर हुए हमले के विरोध में आम आदमी पार्टी ने राष्ट्रपति के नाम अपर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**मण्डला, देशबन्धु।** शनिवार को आम आदमी पार्टी के पदाधिकारियो ने अपर कलेक्टर को राष्ट्रपति एवं गृह मंत्रालय



भारत सरकार के नाम ज्ञापन सौंपा है। जिला अध्यक्ष पंकज सोनी ने बताया कि आम आदमी पार्टी जिला ईकाई के द्वारा आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के ऊपर हुए हमले के विरोध में व उनकी सुरक्षा बढ़ाए जाने हेतु राष्ट्रपति एवं गृह मंत्रालय भारत सरकार के नाम ज्ञापन सौंपकर हमले की उच्च स्तरीय जांच कराए जाने एवं सुरक्षा बढ़ाए जाने की मांग की गई। ज्ञापन के दौरान जिला अध्यक्ष पंकज सोनी, जिला उपाध्यक्ष मुकेश कछवाहा, हितेंद्र सिंह, अरविंद परस्ते एवं जिला सचिव अशोक पांडे व आम आदमी पार्टी सक्रिय कार्यकर्ता शिशु सिंधु भलावी, नवीन राजपूत, सुनील पटेल, राजेश महोबिया, गौरव सोनी, सतीश पटेल, रोशनी, राजेंद्र कछवाहा, देवेंद्र पुषाम, रोहित पटेल एवं जिला कार्यालय प्रभारी नितिन झरिया उपस्थित रहे।

### दीपावली में खुशियों के लिए 'आनंदम' में नये-नये कपड़े दान किए गए

**मण्डला, देशबन्धु।** कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने कहा कि आनंदम खुशियों के द्वार में समाज के सम्पन्न नागरिक जरूरतमंदों



के लिए सामाग्री या कपड़े दान कर सकते हैं। आनंदम में दान की गई सामाग्री या कपड़ों को जरूरतमंद नागरिक नि:शुल्क अपने उपयोग में ले सकते हैं। जिले में इसके लिए कलेक्टर कार्यालय के पास स्थान को चिन्हित कर आनंदम खुशियों का द्वार प्रारंभ किया गया है। आनंदम में शहर के सम्पन्न नागरिक जरूरतमंदों के लिए सामाग्री या कपड़े दान करते हैं। इस अवसर पर आनंदम खुशियों के द्वार में सांसद प्रतिनिधि जयदत्त झा, कलेक्टर सोमेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रेयांश कूमट, अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह ने नवीन कपड़े दान दिए। जिससे दीपावली त्यौहार में उक्त नवीन कपड़े किसी जरूरतमंद के उपयोग में आ सके। कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने कहा कि आनंदम खुशियों के द्वार में जिले का कोई भी नागरिक कपड़े दान कर सकता है। जिससे वह कपड़े जरूरतमंद नागरिकों के उपयोग में आ सके। उन्होंने जिले के समाजसेवियों को दीपावली के अवसर पर नवीन कपड़े दान करने के करने को कहा। जिससे जरूरतमंद नागरिक उन नवीन कपड़ों से दीपावली त्यौहार में खुशियाँ मना सके।

### हर घर दीवाली कार्यक्रम के लिए नोडल और सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त

**मण्डला, देशबन्धु।** अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि 12 नवंबर 2024 को दीपदान एवं नर्मदा आरती कार्यक्रम संपन्न कराया जाना है। कार्यक्रम के आयोजन हेतु अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) मण्डला श्रीमती सोनल सिडाम को नोडल अधिकारी एवं सहायक परियोजना अधिकारी मण्डला श्री कपिल तिवारी को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। उन्होंने बताया कि 28 से 29 अक्टूबर 2024 तक हर घर दीवाली कार्यक्रम के आयोजन हेतु परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास मण्डला अनूप नामदेव को नोडल, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास मण्डला रंजीत गुप्ता को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

# कलेक्टर ने रपटा घाट का निरीक्षण किया

**मण्डला, देशबन्धु।** कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने रपटा घाट का निरीक्षण किया। उन्होंने रपटा घाट में साफ सफाई और सुरक्षा के प्रबंध करने के निर्देश दिए।

रपटा घाट में स्नान घाट और भोजन स्थल निश्चित करने को कहा। रपटा घाट की दीवारों में पुताई और पेंटिंग करने के निर्देश दिए। रपटा घाट में चेंजिंग रूम बनाने को कहा। रपटा घाट में स्नान के दौरान साबुन का प्रयोग न करने और गंदे कपड़े न धोने के निर्देश दिए।

उन्होंने बताया कि रपटा घाट में एकादशी से महाआरती प्रारंभ की जायेगी। महाआरती संध्याकाल में होगी। महाआरती में श्रद्धालु, समाजसेवी व्यापारी स्वयंसेवी संस्थाएं जनप्रतिनिधि, पत्रकार सहित जिले के सभी नागरिकगण शामिल होगे।

कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने रपटा घाट में मत्स्य आखेट करने पर प्रतिबंध लगाने के निर्देश दिए। प्रतिबंध के बावजूद मत्स्य



आखेट करने वालों पर कार्यवाही करने को कहा गया। कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने इस अवसर पर रपटा घाट के दुकानदारों से भी चर्चा की।

उन्होंने दुकानदारों को प्लास्टिक की पन्नी का उपयोग न करने के निर्देश दिए। कोई भी सामाग्री का विक्रय पत्तों के बने दोना में करने को कहा। रपटा घाट में अतिक्रमण कर संचालित दुकानों को हटाकर व्यवस्थित ढंग से स्थापित करने और नर्मदा नदी में मोटर वाहनों की धुलाई पर भी रोक लगाने के निर्देश दिए।

# आरटीओ का चैकिंग अभियान, मनमानी किराये पर लगाम

**मण्डला, देशबन्धु।** परिवहन आयुक्त मप्र ग्वालियर एवं कलेक्टर के आदेशानुसार जिला परिवहन अधिकारी श्रीमती रमा दुबे द्वारा गत दिवस मण्डला जबलपुर मार्ग पर यात्री बसों पर सघन चौकिंग अभियान चलाया गया, जिसमें 23 बसों की जांच की गई, जिसमें बस परिचालक द्वारा यात्रियों से लिये गये निर्धारित किराया से अधिक किराया को यात्रियों को वापस कराया गया एवं समस्त चालक एवं परिचालक को यात्रियों से निर्धारित किराया लेने एवं यात्रियों के साथ मधुर व्यवहार करने हेतु निर्देशित किया गया त्यौहार का सीजन देखते हुए बसों की कड़ाई से जांच की गई जिसमें फर्स्टएड बॉक्स, अग्निशमन यंत्र आदि की जांच की गई। नियम विरूद्ध चलने वाले बस वाहनों पर फिटनेस, परमिट, बीमा, अग्निशमन यंत्र, फर्स्टएड बॉक्स, ओव्हरलोड एवं अधिक किराया लेने पर मोटरयान अधिनियम 1988 की विभिन्न धाराओं के तहत 13 बसों पर 28000/- का समन शुल्क एवं 2,98,768 बकाया कर की वसूली की गई हैं।

# राजा चौधरी और दिनेश यादव का योग शालेय राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में चयन



**भुआ बिछिया, देशबन्धु।** मंडला संस्था पीएम श्री एकीकृत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय घोंटा विकास खंड मवई के दो छात्र राजा चौधरी पिता राज कुमार चौधरी और दिनेश कुमार यादव पिता कमल सिंह यादव कक्षा 12 वीं कृषि संकाय इन दोनों छात्रों का योग शालेय राज्य स्तरीय क्रीड़ा- प्रतियोगिता में सहभागी हेतु हमारे मण्डला जिले के विकास खंड मवई पीएम श्री एकीकृत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय घोंटा से जिला शिवपुरी के लिए चयन हुआ है । इसके पूर्व इन्होंने जिला स्तरीय योग प्रतियोगता नैनपुर में हुई उस प्रतियोगता इनका चयन विभागीय राज्य स्तरीय योग क्रीड़ा-प्रतियोगिता के लिए चयन किया गया , इनके चयन होने पर श्रीमान सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग मण्डला, जिला क्रीड़ा प्रभारी मंगल सिंह पन्द्रे, खंड शिक्षा अधिकारी एच.एस.परते ,संस्था प्रभारी प्राचार्य शंकर लाल धुर्वे, राकेश बिंझिंया मा.शिक्षक दलसिंह सैयाम प्राथ.शिक्षक गौतम सिंह बघेल मा.शिक्षक, सुखलाल यादव, अनिल कुमार सरौते प्राथ.शिक्षक श्रीमती गिरजा ताराम मा.शिक्षिका एवं समस्त स्टाफ द्वारा दोनों छात्रों के चयन होने पर खुशी जाहिर करते हुए इनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं।

# महान पत्रकार गणेश शंकर विद्यार्थी की जयंती पर किया अजेय मंडला न्यूज पोर्टल का शुभारंभ

**मण्डला, देशबन्धु।** जिले के युवा जागरूक युवा सामाज सेवी अजय कुमार ने बताया कि पिछले तीन वर्षों से मंडला शहर में अजेय मंडला पत्रिका का प्रकाशन लगातार हो रहा है जिसका उद्देश्य अच्छे लेख विचार और संदेश के माध्यम से व्यक्तियों के साकारात्मक विचार सामाज तक पहुंचाने का कार्य कर रहा है अब हम इसे न्यूज पोर्टल के माध्यम से इसकी शुरुआत कर रहे हैं जिसका उद्देश्य हर कहानी में छुपी हुई है प्रेरणा यह रहेगा जिसके अंतर्गत हम व्यक्ति की प्रतिभा उसकी अच्छाइयां उनका संघर्ष उनकी वास्तविक जीवन शैली किसी क्षेत्र की परंपरा वेशभूषा संस्कृति तथा सामाज में देने वाले प्रेरणादायक विचार का समाज में लाने का प्रयास यह अजेय मंडला पत्रिका न्यूज पोर्टल करेगा आगे अजय कुमार ने कहा यह सामाजिक संस्था जो की पिछले आठ वर्षों से सामाज में अपनी सक्रिय भूमिका रहा है भागीरथ सेवा विकास परिवार मंडला का इसे उपक्रम भी बनाया है ताकि हम सामाज के ऐसे प्रतिभाओं तक पहुंच सकें और आज हम विशेष दिन महान लेखक विचारक पत्रकार गणेश शंकर विद्यार्थी के जयंती पर इस न्यूज पोर्टल का शुभारंभ कर रहे हैं।

# मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना की द्वितीय किस्त का वितरण 29 को

**मण्डला, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के द्वारा मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना अंतर्गत द्वितीय किस्त का वितरण 29 अक्टूबर 2024 को मंदसौर जिले से किया जाना है। मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के तहत वर्ष में छः हजार रूपए तीन समान किस्तों में प्रदान की जाती है। अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह ने समस्त अनुविभागीय अधिकारी, तहसीलदार/नायब तहसीलदार और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत को निर्देशित किया है कि जिले में उक्त कार्यक्रम में विधायक/सांसद सहित अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधियों को जिला/ब्लॉक स्तर पर विधिवत आमंत्रित किया जाए।

# नमामि नर्मदे सेवा अभियान में की सहभागिता

**मण्डला, देशबन्धु।** कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशन में नमामि नर्मदे सेवा अभियान 5 अक्टूबर 2024 को प्रारंभ किया गया है। इस अभियान के तहत प्रत्येक शनिवार को नर्मदा नदी के तटों की सफाई की जाती है। जिसमें महिला एवं बाल विकास विभाग भी अपनी सहभागिता कर रहा है। आज इसी कड़ी में जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती शालिनी तिवारी के निर्देशन में वन स्टॉप सेंटर (सखी) मण्डला की टीम ने संगम घाट महाराजपुर मण्डला में सफाई अभियान चलाया।

जिसमें वन स्टॉप सेंटर प्रशासक श्रीमती मधुलिका उपाध्याय एवं कर्मचारियों के द्वारा घाट की सीढियों से जमी हुई मिट्टी की सफाई की गई। उक्त सफाई अभियान में



कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रेयांश कूमट, अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह, एसडीएम हुनेन्द्र घोरमारे, मुख्य नगरपालिका अधिकारी गजानंद नाफड़े सहित जिला स्वास्थ्य अधिकारी एवं सर्व विभागों के अधिकारी, कर्मचारियों, जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, स्वयंसेवी संस्थाओं, पत्रकारों ने भाग लिया। इसके बाद प्रात: 9 बजे माँ नर्मदा नदी की महाआरती स्थल के निरीक्षण में शामिल हुये।

प्रात: 9:30 बजे आनंदम में सभी अधिकारी, कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधि व समाजसेवियों के द्वारा कपड़े दान किए गये। इस दौरान लोगों से अपील की गई कि ऐसे खिलौने, कपड़े या अन्य कोई सामान जो आपके लिये अनुपयोगी है, किसी गरीब के लिये उपयोगी हो सकता है जो दीपावली के त्यौहार में उनके लिए खुशियां ला सकता है, ऐसे सामान आनंदम में जरूर दान करें।

# संगम घाट में श्रमदान कर की स्वच्छता को अपनाने की अपील

**मण्डला, देशबन्धु।** कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने नर्मदा नदी के तटों को साफ व स्वच्छ रखने के लिए नमामि नर्मदे सेवा अभियान के तहत शनिवार को सुबह संगम घाट में साफ सफाई कर श्रमदान किया। जिला प्रशासन के द्वारा प्रारंभ किए गए इस अभियान में जिले के सभी अधिकारी कर्मचारी, 148वी बटालियन केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल, पुलिस विभाग, एसडीईआरएफ, समाजसेवी व्यापारी स्वयंसेवी संस्थाएं जनप्रतिनिधि, पत्रकार और नागरिकगण शामिल हुए।

उन्होंने संगम घाट में श्रमदान करते हुए कूड़ा करकट उठाए और घाट की साफसफाई की। इस अवसर पर बताया गया कि कोई भी नागरिक या श्रद्धालु नर्मदा नदी में दूषित सामाग्री न डालें। नर्मदा नदी में गंदे कपड़े न धोएं। साबुन लगाकर न नहाएं। कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने कहा कि नर्मदा नदी के तटों को साफ सुथरा रखें। कचरा इधर उधर न फेकें। कचरा को हमेशा डस्टबिन या कचरा संग्रहण वाहन में ही डालें। इस अवसर पर संगम घाट से मलबा निकाला गया और साफ सफाई की गई। कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने कहा कि नर्मदा सेवा अभियान के तहत नियमित रूप से घाटों की साफसफाई की जायेगी। जिससे नर्मदा नदी के घाट साफसुथरे रहें।

कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने नमामि नर्मदे सेवा अभियान के तहत प्रत्येक शनिवार को विभागीय अधिकारी कर्मचारी जनप्रतिनिधि, समाजसेवियों और नागरिकों के साथ मिलकर नर्मदा नदी के घाटों की साफ सफाई कर रहे हैं। इस दौरान कचरा



एकत्रित कर कचरे को अन्यत्र ले जाकर नष्ट किया जाता है। मलबे को ट्रैक्टर में भरकर ले जाया जाता है। लोगों को समझाइश दी जाती है कि नर्मदा नदी के तटों को साफ सुथरा रखें। किसी भी प्रकार की गंदगी न करें।

इस अवसर पर नगर पालिका मंडला अध्यक्ष श्री विनोद कछवाहा, सांसद प्रतिनिधि श्री जयदत्त झा, जनपद पंचायत अध्यक्ष मंडला श्री सोनू भलावी, पुलिस अधीक्षक श्री रजत, सकलेचा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री श्रेयांश कूमट, अपर कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार सिंह, एसडीएम श्री हुरेंद्र घोरमारे, मुख्य नगरपालिका अधिकारी श्री गजानंद नफाडे, एसडीईआरएफ की टीम, 148वीं बटालियन केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल, पुलिस विभाग का अमला, स्वयं सेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारियों ने नमामि नर्मदे सेवा अभियान में शामिल होकर की साफ सफाई की।